**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**25.07.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे**

**राजेश धर्माणी**

तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने केंद्र से प्रदेश में ड्रोन आधारित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित करने का आग्रह किया है। उन्होंने आज नई दिल्ली में केंद्रीय कौशल विकास व उद्यमशिलता राज्य मंत्री जयंत चौधरी से भेंट कर बताया कि हिमाचल में ड्रोन तकनीक के उपयोग को बढ़ावा दिया जा रहा है। राजेश धर्माणी ने औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के स्तरोन्नयन, नए पाठ्यक्रमों गुणवत्तापूर्ण उद्यमिता के लिए केंद्र की 60 करोड़ रुपये की योजना में राज्य सरकारों की एक तिहाई धनराशि के आवंटन के नियम से हिमाचल जैसे पहाड़ी राज्यों को छूट प्रदान करने का आग्रह भी किया। तकनीकी शिक्षा मंत्री ने सामुदायिक विकास पॉलिटैक्निक योजना के तहत जल्द धनराशि जारी करने और इस वित्त वर्ष के दौरान नए संस्थानों को चयनित करने की मांग भी की।

**केंद्रीय टीम**

प्राकृतिक आपदा से हुए नुकसान का जायजा लेने के लिए प्रदेश के दौरे पर आए केंद्रीय दल ने आज मंडी ज़िले के थुनाग में प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। केंद्रीय दल ने राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी के साथ भी चर्चा की। उन्होंने केंद्रीय दल को भारी वर्षा से हुए नुकसान के बारे में विस्तार से जानकारी दी और कहा कि आपदा से प्रदेश में जानमाल को भारी क्षति पहुंची है। ये दल कल धर्मपुर का दौरा कर दिल्ली वापस लौटेगी और अपनी रिपोर्ट केंद्र सरकार को सौंपेगा।

**सिकंदर कुमार**

केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा है कि केंद्र सरकार ने प्राकृतिक आपदाओं के कारण क्षतिग्रस्त अवसंरचना के पुनर्निर्माण के लिए हिमाचल को वर्ष 2024–25 में दो सौ 20 करोड़ 10 लाख रुपये की राशि जारी की है। सांसद डॉक्टर सिकंदर कुमार द्वारा आज राज्यसभा में इस संबंध में पूछे गए सवाल पर केंद्रीय मंत्री ने बताया कि केंद्र सरकार ने जलवायु संबंधी समस्याओं को जमीनी स्तर पर एकीकृत करने के लिए कई कार्यक्रम व योजनाएं शुरू की हैं। उन्होंने कहा कि

केंद्र ने हिमाचल सहित चार राज्यों में एक सौ 50 करोड़ रुपये के वित्तीय परिव्यय के साथ राष्ट्रीय हिमनद झील विस्फोट बाढ़ जोखिम उपशमन परियोजना के संचालन को मंजूरी दी है। केंद्रीय मंत्री ने डॉक्टर सिकंदर कुमार को बताया कि हिमाचल प्रदेश ने जलवायु परिवर्तन संबंधी राज्य कार्य योजना 2021–30 को एक रोडमैप के रूप में अपनाया है।

## कल्याणकारी योजनाएं

मंडी ज़िले में प्राकृतिक आपदा में अपने परिजनों को खो चुके बच्चों को मुख्यमंत्री सुखाश्रय योजना के तहत राहत प्रदान की जा रही है। उपायुक्त अपूर्व देवगन ने बताया कि भीषण आपदा में माता–पिता को खो चुके बच्चों को चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट घोषित कर उनके बैंक खातों में प्रतिमाह चार हजार रुपये की दर से सहायता राशि दी जा रही है। उपायुक्त ने बताया कि सराज क्षेत्र में ऐसे आठ पात्र बच्चों की पहचान की गई है और आवश्यक दस्तावेज़ पूरा करने की प्रक्रिया जारी है।

## श्रावण अष्टमी

प्रदेश के शक्तिपीठों में आज से श्रावण अष्टमी नवरात्र मेले शुरू हो गए हैं। इसके लिए मंदिरों में विशेष प्रबंध किए गए हैं। ऊना ज़िले में प्रसिद्ध शक्तिपीठ चिंतपूर्णी माता मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। इस मौके पर लोगों ने मां के समक्ष शीष नवाया और सुख समृद्धि की कामना की। देहरा की विधायक कमलेश ठाकुर ने भी मंदिर में मां के दर्शन किए। मंदिर के पुजारी संदीप कालिया ने बताया कि पहली अगस्त को दुर्गा अष्टमी मनाई जाएगी।

———————————————